तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025



13 नगर की जनता के विश्वास को कायम...





14 होली मिलन एकता व भाईचारे को बढ़ाने का...











## खबर संक्षेप

### वन परिक्षेत्र अधिकारी केजूराम कोर्चे ने किया पदभार ग्रहण



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया वन परिक्षेत्र तौरेंगा में नये वन परिक्षेत्र अधिकारी केजुराम कोर्चे ने पदभार ग्रहण किया। नवपदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी इससे पहले नारायणपुर क्षेत्र में पदस्थ थे। श्री कोर्चे ने चर्चा में बताया जंगल में आगजनी की घटना को रोकना अवैध कटाई को रोकना और जंगल की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

### कुर्मी समाज का होली मिलन 23 मार्च को

**राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के तत्वावधान में होली मिलन एवं समाज के नवनिर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन 23 मार्च को कुर्मी भवन राजिम में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने दी।

### खंडवा में मानसगान व फाग उत्सव कल से

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत खंडवा जंगल सफारी में होली एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से द्वि दिवसीय श्री रामधुनी, सुवा नृत्य, सत्संग, मानसगान एवं फाग उत्सव का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को रखा गया है। उत्सव में ख्याति प्राप्त मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त जानकारी हरिराम पटेल द्वारा प्रदान की गई है।

### महुआ बीनने गए महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महुआ बीनने गई ग्राम डूमरपाली की एक महिला के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि डोलेंद्री राणा पति विजय राणा (25 वर्ष) निवासी डुमरपाली (गिरना) 17 मार्च को सुबह 6 बजे अपने खेत में महुआ बीनने अपनी अंबिका राणा के साथ गई थी। इसी दौरान गिरना का दिलेश विशाल उर्फ मुन्ना आया और हमारे महुआ को क्यों बीन रहे हो कहकर गाली देते हुए मारपीट करने लगा। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में युवक का पैर टूटा

**महासमुंद।** बाइक से जा रहे युवक को कार ने ठोकर दी, जिससे उसका पैर टूट गया। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम संतपाली के पुराईन तालाब के पास का है। पुलिस ने बताया कि संतपाली का मन्नू लाल जगत 18 मार्च को सुबह 8 बजे अपने मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 7061 से ग्राम चांदन जा रहा था। ग्राम संतपाली के पुराईन तालाब के पास पहुंचने पर कार क्रमांक सीजी 04 केडब्लू 7723 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट से मन्नूलाल का दांया पैर टूट गया। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली में दाखिल कराया गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 125(बी), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मैनपुर के जंगल में धधक रही है आग, वन्य प्राणियों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों मैनपुर क्षेत्र के जंगल में जगह -जगह भीषण आग लगी हुई है, तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर तक आग की धधक और धुआ का अहसास किया जा सकता है तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज तीन किलोमीटर दूर पैरी उदगम पहाड़ी भाठीगढ में पिछले दो दिनों से जगह- जगह भारी आग लगी हुई है आग की लपटे शाम होते ही मैनपुर नगर से दिखाई दे रहा है और मैनपुर नगर तक चारों तरफ धुआ की धुआ फैला हुआ है, गर्मी का सीजन प्रारंभ होते ही क्षेत्र के पहाडी जंगल ईलाकों में आग लगने की जानकारियां आने लगी है, बुधवार- गुरुवार को उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के बफर जोन एरिया कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र के पहाडी ईलाकों में दिन मे दोपहर जमकर आग लगी थी, हरिभूमि की टीम कुल्हाडीघाट क्षेत्र के दौरे पर पहुचे थे, ग्रामीणों ने बताया कि अभी से पहाडी ईलाको में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है, बहरहाल कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र के पहाडी जंगलो में लगी आग की धधक मैनपुर नगर से शाम होते ही दिखाई देने लगी है, पहाडी जंगल क्षेत्र में आग लगने की धधक बिजली की झालरों की तरफ मैनपुर नगर से देखा जा सकता है। गरियाबंद वन मंडल हो या उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में जगह - जगह आग लगने से कीमती वनोपज स्वाहा हो रहे है वन्यप्राणी आग की वजह से इधर उधर भटकने लगे है मैनपुर, तौरेंगा मार्ग एवं राजापड़ाव गौरगांव, गरीबा मार्ग में आगजनी से छोटे –छोटे पौधे जलकर स्वाहा हो गये है वही जंगल में आग लगने से वन्यप्राणी भटक रहे है।

## जंगल में आग के कारण नगर तक फैला धुआं ही धुआं

### आग की जानकारी विभाग को नहीं

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के तौरेंगा वन परिक्षेत्र में भीषण आग लग गई है। जिससे कई एकड़ जंगल आग की चपेट में है अभी तक आग में काबू नहीं पाया गया है। वन विभाग का सेटेलाइट से वनों पर नजर है। वहीं गुरुवार शाम से लगी आग की खबर वन विभाग को रात 9 बजे तक नहीं मिला है।



### आग बुझाने का प्रयास जारी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की लगातार जंगल में आग लगने की शिकायत आ रही है जिसकी सेटेलाईट के माध्यम से भी जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंच रही है। उन्होने बताया फायर वाचर एवं वन कर्मचारी अधिकारी लगातार आग बुझाने के लिए कार्य कर रहे है जंगल में आग लगाने वालो पर कार्यवाही भी की गई है। श्री जैन ने बताया पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आगजनी की घटना ज्यादा हुई है वन विभाग द्वारा गांव -गांव विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जंगल को आग से बचाने अपील भी किया जा रहा है।

## हड़ताल : मांग पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय का करेंगे घेराव - सचिव संघ

# सचिवों की हड़ताल से राशनकार्ड, पेंशन और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/छुईहा बेलर

पंचायत सचिव संघ फिंगेश्वर अन्तर्गत छुईहा, चरौदा, बोडकी, चरभट्ठी, बैलर, गनियारी, परसदाकला, सेंदर, चैतरा, बिनौरी ग्राम पंचायत सचिव प्रांतीय आह्ववान के निर्देशानुसार संघ की अध्यक्ष गोविन्द साहू चैतरा के नेतृत्व मे पांचवें दिन भी डटकर अनिश्चित कालीन एक सुत्रीय मांग हड़ताल पर बैठे हैं। संघ के सदस्यों ने बताया कि मांग पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करेंगे। इस हड़ताल से पंचायत का 29 विभाग के कार्य प्रभावित जिसमें राशनकार्ड, पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, पंचायत मासिक बैठक, ग्राम सभा, पंचायत के सभी निर्माण कार्य अवरुद्ध, गर्मी में ग्रामीणों के पेयजल, मवेशियों के लिए पीने एवं ग्रामीणों के निस्तारी पानी की व्यवस्था, रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य, स्कूली बच्चों के स्थाई जाति निवास एवं प्रमुख प्रधानमंत्री आवास जो कि केंद्र सरकार से हो रहा है जैसे मुलभुत सुविधा कामकाज ठप्प हैं। पंचायत कार्यालय में ताला बंदी है, वहीं पंचायत चुनाव के बाद का पंचवर्षीय कार्यकाल की अब तक इसके चलते शुरुआत नहीं हूई। पंचायत के नवीन पंचायत प्रतिनिधि बाट जो रहे हैं।

संघ अध्यक्ष गोविंद साहू चैतरा में कहा की पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की मांग विगत कई वर्षों से किया जा रहा है लेकिन अभी तक इन पंचायत सचिवों का शासकीयकरण नहीं हो पाया है चुकी सरकार इस बात से बिलकुल अनभिज्ञ नहीं है की पंचायत सचिव ग्राम पंचायत की नींव है, जो राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार क्े द्वारा संचालित किया जाने वाला समस्त योजना को गांव की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हैं जिसका शासकीय करण न होना पंचायत सचिव क्े लिए दुर्भाग्य की बात है। उक्त आंदोलन में पंचायत सचिव गोविन्द साहू, अध्यक्ष सचिव संघ फिंगेश्वर उपाध्यक्ष रेवा राम ढीढी सचिव बिजली, गोवर्धन निषाद बिजली, नुतन साहू खुटेरी, चिंता राम सिन्हा सिर्रीखुर्द, बुद्धेश्वर साहू कुण्डेल, सत्यम छुईहा, चेतन साहू चरौदा, गोवर्धन बोडकी, यशवंत साहू चरभट्ठी, मणी राम साहू बेलर, ईश्वर प्रजापति, भैय्या राम पतोरा, यशवंत निषाद परसदाकला, मुलचंद ढीढी सेंदर, गोवर्धन निषाद चैतरा, कन्हैया सिन्हा पुरेना बिनौरी, ओमप्रकाश सिन्हा छुईहा, चेमन साहू पतोरी, पंचायत सचिव सहित सभी सचिवशासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।



### विधानसभा चुनाव में किया था वादा

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 2023-24 के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों को शासकीय करने का वादा किया गया था। पंचायत सचिवों को उम्मीद थी कि बजट सत्र में शासकीयकरण की घोषणा होगी। लेकिन बजट सत्र में यह मुद्दा नहीं आया। सरकार की ओर से कोई पहल नहीं होने से प्रदेशभर के पंचायत सचिव नाराज और आक्रोशित हैं।

# हड़ताल को सरपंच संघ ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर जनपद पंचायत छुरा के समस्त सचिव ब्लाक मुख्यालय में तीसरे दिवस भी हड़ताल पर डटे रहे। सचिव संघ के अनिश्चित कालीन हड़ताल को सरपंच संघ छुरा द्वारा समर्थन देने के लिए सरपंच संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, सलाहकार अशोक ठाकुर, संरक्षक रूपऊ ध्रुव, उपाध्यक्ष जगबाई ध्रुव सरिता ध्रुव उपस्थित हुए। सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने सचिव के हड़ताल को समर्थन देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का सचिव सरपंच का सबसे प्रमुख सहयोगी होता है एक प्रकार से ग्राम पंचायत के रीड की हड्डी होते हैं जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा संचालित 29 विभागों के 200 प्रकार के कामों को धरातल पर क्रियान्वहित करने का कार्य करते हैं, ध्रुव ने कहा कि हम लोग पंचायती राज व्यवस्था ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मांग पूरी नहीं होने पर सरपंच संघ जाएगा हड़ताल पर

सरपंच संघ छुरा की ओर से हम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आग्रह करते हैं की ग्राम पंचायत सचिवों के जायज मांग शासकीय करण के मांग को तत्काल पूरा करें ताकि हम लोग उनके साथ मिलकर पंचायत में बेहतर से बेहतर कार्य कर सकें। 25 मार्च तक सचिवों की मांग पूरा नहीं करता है तो समूचा सरपंच संघ भी 26 मार्च से सचिवों के साथ हड़ताल में बैठेंगे। आज के हड़ताल में सचिव संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर, ब्लॉक सचिव बोधन साहू, काशीराम साहू, गजेंद्र साहू, झगलु राम साहू, डोमन ध्रुव, भूपेंद्र सेन, तीरथ नेताम, हुलास बघेल, दिलीप चंद्राकर, भीखम यादव, पीलादाऊ पटेल, कमल नारायण, खेमन साहू, भीष्म कोसले, युवराज साहू, डेरहाकुर्रे, नागवंशी दीवान, ताराचंद साहू, घनश्याम यादव, अंबा चंद्राकर, सरोज कुमार, पवन, नागेश, हरिश्चंद्र ध्रुव, सुरेश ध्रुव, उषा साहू, सोमेश्वरी साहू, दुर्गा ठाकुर, भुवनेश्वरी साहू, उमा दीवान, धनेश्वरी ध्रुव, कमला ध्रुव उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जिले के विकास खण्ड छुरा रसेला अंचल के कई ग्रामों में आज भी जल जीवन मिशन से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में जल जीवन मिशन योजना को चालू किए लगभग 4 से 5 साल हो चुका है, किन्तु आज पर्यन्त तक किसी भी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन को शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। मालूम हो कि ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरगपानी में नल जल योजना के तहत बने टंकी सो पीस बनकर अपनी जगह पर शोभा बढ़ा रहा है। ज्ञात हो कि तेंदूपारा और सुरगपानी में गली में पाइप बिछाया गया, और घरों नल-जल ▶▶| शेष पेज 13 पर



### लोगों को मिले नल-जल योजना का लाभ

जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा की ग्राम सुरगपानी में नल-जल योजना के तहत लोगों को अतिशीघ्र इस समय पानी मिलना चाहिए।

# एनसीसी कैडेट्स ने सार्वजनिक स्थलों चंडीमाता मंदिर परिसर की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर, एमपी एवं सीजी निदेशालय के तत्वावधान में 27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी (रायपुर रॉयल्स) के कैडेट्स ने अरंग जिले के रेवा गांव में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया। इस सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधि में जिले के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 120 एनसीसी कैडेट्स छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।



कैडेट्स ने ग्रामीणों के साथ मिलकर लगभग 2.5 घंटे श्रमदान किया और गांव के सार्वजनिक स्थलों एवं चंडीमाता मंदिर परिसर की सफाई की। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, कैडेट्स ने गांव में नुक्कड़ नाटक एवं एक स्किट (लघु नाटिका) का मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से उन्होंने स्वच्छता, कचरा निस्तारण के सही तरीकों और सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। ग्रामीणों ने इस नाटक को बड़ी उत्सुकता से देखा, और इसके प्रभावशाली संदेश को सराहा। कर्नल सौरभ कुमार, कमांडिंग ऑफिसर, ▶▶| शेष पेज 13 पर

## हनुमान जी का पूजा-पाठ कर महेश यादव ने किया पदभार ग्रहण

# नगर के विकास के लिए करेंगे मेहनत : नपं अध्यक्ष


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ पहला दिन अफसरों से कहा - नगर साफ-सुथरा हो, घरों तक पहुंचाएं शुद्ध पेयजल

प्रखर हिंदुवादी नेता राजिम नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव गुरुवार को शुभ मुहुर्त में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान सबसे पहले उन्होने नगर पंचायत के प्रवेश द्वार पे सिर झुकाकर प्रणाम किया। उसके बाद अपने कक्ष में पहुंचकर विधिविधान के साथ पंडित संतोष मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच चांदी के श्री हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना किया। इस दौरान उन्होने हनुमान जी महाराज से प्रार्थना किया कि राजिम का समुचित विकास उच्चस्तर पर हो। पूरे शहर के लोगों के लिए सुख- समृद्धि की मंगल कामना किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर के विकास के लिए वे जीतोड़ मेहनत करेंगे। पहली प्राथमिकता उनकी स्वच्छता अभियान की होगी। शहर हरा-भरा रहे, साफ-सुथरा रहे और हर घरो में शुद्ध पीने का पानी पहुंचे ऐसा निर्देश उन्होने पदभार ग्रहण करते ही अफसरो को दिया है। कहा कि वे रोज सुबह शहर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेंगे। जहां समस्या दिखेगी उसका त्वरित निदान किया जाएगा। मुहल्लेवासियों से उनकी जरूरतों को पूछा जाएगा। महानदी की स्वच्छता को लेकर भी वे व्यापक अभियान चलाएंगे। ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस अभियान में जोड़ेंगे। श्रमदान के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे। अफसरो और नगर पंचायत के कर्मियो से साफ-साफ कहा कि समस्या लेकर आने वाले हर लोगो ▶▶| शेष पेज 13 पर



# भैंस को बचाने के चक्कर में गड्ढे में जा घुसी तेज रफ्तार कार



**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 मार्ग में गुरुवार दोपहर 3 बजे के आसपास कोदोमाली के पास तेज रफ्तार कार भैंस को बचाते गड्ढे में जा घुसा जिससे चालक को मामूली चोट आयी है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर भीड़ लग गई।

## खबर संक्षेप



### अंतरिक्ष यात्री सुनीता को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय मूल की प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को उनके ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन की सफल समाप्ति और पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह असाधारण अभियान सुनीता विलियम्स के धैर्य, साहस और विज्ञान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की अद्भुत मिसाल है, जो पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायी है। नभ के पार गई नारी ने धैर्य को अपना हथियार बनाया और साहस, संकल्प एवं स्वाभिमान से नव इतिहास रच दिया।

### ललित जैसिंघ नहीं लड़ेंगे चुनाव थौरानी को दिया समर्थन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन फार्म लेने के अंतिम दिन तक 105 नामांकन फार्म बिके हैं। अध्यक्ष पद के लिए 3, महामंत्री पद के लिए 2 और कोषाध्यक्ष के लिए 2, जिला उपाध्यक्ष के लिए 51 और जिला महामंत्री के लिए 47 फार्म लिये गये। चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव में एक बात आज देखने को मिली 24 घंटे पहले प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव के लिए नामांकन फार्म खरीदने वाले ललित जैसिंघ ने अपना समर्थन संयुक्त पैनल के प्रत्याशी सतीश थौरानी को दे दिया। सूत्रों के मुताबिक वे अब अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे।

### उरकुरा मे श्रीमद भागवत कथा शुरू



**रायपुर ।** उरकुरा भवानी शंकर मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजक सर्व विंध्य समाज द्वारा किया जा रहा है जिसमें आयोजकों ने बताया कि यह कथा 18 मार्च से 25 मार्च तक चलेगी, जिसमें कथा शुरू होने से पहले भव्य कलश यात्रा के साथ बड़ी शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। यह शोभा यात्रा हर्षित विहार उरकुरा से बाजार चौक शीतला मंदिर से होते हुए कथा स्थल में स्थापना की गई इस कथा की व्याख्या रामललाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से की जा रही है कथा के पश्चात महाराज ने जगत जननी मां बंजारी से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### गुढ़ियारी थाना प्रभारी का किया सम्मान



**रायपुर।** होली में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पत्रकार साथियों द्वारा बुधवार को गुढ़ियारी थाना के प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा एवं पूरे टीम का सम्मान किया गया। इसी दौरान पत्रकारों ने बताया कि गुढ़ियारी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, थाना प्रभारी द्वारा रोजाना गुढ़ियारी क्षेत्र में बाइक पेट्रोलिंग करके आडे बाजी, नशाखोरी को रोका जा रहा है, जिसके कारण गुढ़ियारी थाना में पत्रकार साथियों द्वारा थाना प्रभारी का सम्मान किया गया।

### मनिदंर और गौरव सीएस वेतनमान में पदोन्नत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी मनिदंर कौर द्विवेदी और गौरव द्विवेदी के सेवा के 30 साल पूरा होने पर छानबीन समिति ने अपेक्स वेतनमान लेवल - 17 में 1 जनवरी से प्रोफार्मा पदोन्नति दे दी है। डीओपीटी विभाग ने 27 दिसंबर को जारी पत्र द्वारा मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति हेतु 1 रिक्ति का निर्धारण किया गया है।

# बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर फोकस, सॉफ्ट कॉपी से पहले प्रिंटेड किताबें ताकि ना हो पायरेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के सीबीएसई से संबंद्ध विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नई किताबों से छात्रों को अध्ययन कराया जाएगा। एनसीईआरटी ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 4, 5, 7 और 8 के लिए नई पाठ्य पुस्तकों की घोषणा की है। नवीन पाठ्य पुस्तकों के जरिए बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इन नवीन पाठ्यपुस्तकों का निर्माण कार्य बीते वर्ष ही प्रारंभ कर दिया गया था। एनसीईआरटी के अनुसार, इन पुस्तकों का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा में सुधार और समानता लाना है। एनसीईआरटी ने न्यू सेशन में आने वाली नई किताबों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। बाल वाटिका के साथ-साथ क्लास 1, 2, 3 और 6 की नई किताबें पिछले सेशन में ही आ चुकी हैं। सेशन 2025-26 में चार और क्लासेज की नई किताबें तैयार की गई हैं। स्कूलों को अब नई किताबों से ही अध्यापन कार्य कराना होगा। सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही ये छात्रों को उपलब्ध करवा दी जाएंगी।

**शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चार कक्षाओं के लिए नई पाठ्य पुस्तकें**

#### शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स

सीबीएसई की ओर से कहा गया है कि कक्षा 5वीं, 7वीं और 8वीं की नई किताबें लागू करने से पहले एक अप्रैल से ब्रिज कोर्स जरूर करवाया जाए, जिससे नए कोर्स की पढ़ाई में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। स्कूल टाइमटेबल इस तरह से तैयार हो कि आर्ट्स, फिजिकल एजूकेशन, वोकेशनल एजूकेशन जैसे विषयों को दूसरे विषयों के साथ जोड़ा जाए। 5वीं और 6वीं कक्षा के लिए 30 दिनों का ब्रिज कोर्स होगा। 8वीं के लिए 45 दिनों का कोर्स होगा। नई किताबों में कंटेंट कम किया गया है, एक्टिविटीज बढ़ाई गई हैं। किताबों में प्रेजेंटेशन इस तरह का है कि छात्र आसानी से विषय को समझ सकें।



फाइल फोटो

#### निजी प्रकाशक कर रहे कॉपी

इस बार पायरेसी की समस्या से निपटने के लिए एनसीईआरटी ने तय किया है कि सॉफ्ट कॉपी से पहले ही प्रिंटेड किताबें जारी हो जाएंगी। जिससे कोई इनकी नकल न कर सके। बीते सत्रों में एनसीईआरटी द्वारा पहले सॉफ्ट कॉपी जारी कर दी गई थी। कई निजी प्रकाशकों ने इसे कॉपी कर अपने प्रकाशन तले अधिक कीमतों में इसे मार्केट में उतारा। इसे देखते हुए एनसीईआरटी द्वारा इस बार पहले प्रिंटेड कॉपी बाजार में उतारी जाएगी, इसके बाद सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी।

### एक एमएल इथोर्फीन से 30 हजार लोगों की मौतें हो सकती है

# जंगल सफारी में मार्फीन से तीन हजार गुना ज्यादा घातक इथोर्फीन के स्टॉक में हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी डॉट से मौत का मामला सुलझा ही नहीं है। सफारी के डॉक्टर राकेश वर्मा के खिलाफ मार्फीन से तीन हजार गुना ज्यादा घातक इथोर्फीन के लाइसेंस नियमों के विपरीत इस्तेमाल करने के साथ ही स्टॉक में गड़बड़ी करने के आरोप लग रहे हैं। इस बात की शिकायत पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ के पास की गई है।

इथोर्फीन का इस्तेमाल हाथी, वनभैंसा जैसे बड़े वन्यजीवों को बेहोश करने के लिए किया जाता है। हाथी तथा वनभैंसा को बेहोश करने इथोर्फीन की महज 1.3 तथा 0.8 मिलीलीटर दवा का इस्तेमाल किया जाता है। इथोर्फीन मादक-द्रव्यों एवं मनोउत्तेजक पदार्थ अधिनियम के तहत अधिसूचित ड्रग है और बिना लाइसेंस के इसे प्राप्त कर उपयोग करना और लाइसेंस होने पर शर्तों का पालन नहीं करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बारे में कहा जाता है कि इसे सूंघने से या चमड़ी पर गिरने से भी मानव की मौत हो सकती है। यह दवा अफ्रीका से आयत की जाती है।

#### इस तरह स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप

इथोर्फीन का लाइसेंस जंगल सफारी के डायरेक्टर के नाम है। लाइसेंस शर्तों के अनुसार इथोर्फीन का उपयोग जंगल सफारी में करना था। इसके साथ ही उक्त दवा के उपयोग करने के लिए डॉक्टर को लिखित में प्रिसक्रिप्सन सफारी के डायरेक्टर को देना होता है। प्रिसक्रिप्सन को सफारी के डायरेक्टर को अपने रिकार्ड में रखना होता है। डॉक्टर पर आरोप है कि उसने सफारी के डायरेक्टर को बगैर प्रिसक्रिप्सन के इथोर्फीन जंगल सफारी से बाहर मानस नेशनल पार्क में तथा बायसन को बेहोश करने साथ ले गया।

**इथोर्फीन इस्तेमाल करने लाइसेंस का गलत इस्तेमाल करने का आरोप**

#### ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट

इथोर्फीन सहित अन्य घातक दवाओं की ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट देने का नियम है। इथोर्फीन सहित अन्य घातक दवाओं की जंगल सफारी प्रबंधन ने ड्रग कंट्रोलर को क्वार्टरली रिपोर्ट दी है या नहीं, यह जांच का विषय है। रिपोर्ट नहीं देना अपराध की श्रेणी में आता है।


वन्यजीवों को बेहोश करने से लेकर होश में लाने के लिए कालातीत दवाओं का किया जा रहा उपयोग

*आबकारी विभाग ने नहीं दी अनुमति : बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क में 40 बायसन शिफ्ट करने का प्लान बना। बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने इर्थोफीन के इस्तेमाल करने रायपुर आबकारी उपायुक्त से अनुमति मांगी गई, जिसे आबकारी उपायुक्त ने खारिज कर दिया। आबकारी उपायुक्त ने कारण बताते हुए कहा कि इथोर्फीन का इस्तेमाल करने का लाइसेंस जंगल सफारी के लिए है। इसीलिए वे किसी दूसरी जगह दवा का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दे सकते।*

#### एक साथ 30 हजार लोगों की हो सकती है मौत

इथोर्फीन इतना घातक है कि उसके एक एमएल दवा से 30 हजार लोगों की मौत हो सकती है। जानकारों के अनुसार नशे के सौदागर इथोर्फीन का इस्तेमाल घातक किस्म के ड्रग बनाने के लिए करते हैं। ब्लैक मार्केट में इथोर्फीन की कीमत लाखों में है।

#### जानकारी मंगाई जा रही

इथोर्फीन के इस्तेमाल करने क्या प्रोटोकॉल है, इसकी जानकारी मंगाई जा रही है। जानकारी मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **सतोविशा समाजदार,** सीसीएफ वाइल्ड लाइफ

#### उपयोग जंगल सफारी परिसर में हो सकता है

लायसेंस शर्तों के अनुसार ड्रग का उपयोग सिर्फ जंगल सफारी परिसर में हो सकता है, तब डॉक्टर को ड्रग जंगल सफारी से बाहर असम और दूसरे जिलों में ले जाने का आदेश क्यों दिया गया। वर्ष 2020, 2023 में अतिरिक्त खपत बताई गई शेष दवा कहां गई, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। - **नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी

#### स्टॉक में गड़बड़ी करने के आरोप

वर्ष 2019-20 में वन विभाग के पास छत्तीसगढ़ में इथोर्फीन और ऐसे अन्य ड्रग रखने और उपयोग में लाने का कोई लाइसेंस नहीं था। फिर भी दुधावा टाइगर रिजर्व से और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून से जनवरी और फरवरी 2020 में 10 मिलीलीटर इथोर्फीन मंगाया गया। इसके बाद फरवरी 2020 में वन विभाग ने असम के मानस टाइगर रिजर्व में छत्तीसगढ़ लाने के लिए दो वन भैंसे पकड़े। एक वन भैंसे को पकड़ने में अधिकतम 0.8 एमएल इथोर्फीन लगता है। इस प्रकार दो वन भैंसों के लिए कुल 1.6 एमएल दवा की जरूरत थी। स्टॉक रजिस्टर से असम से 2020 में वन भैसा पकड़ने के नाम से 7.8 एमएल इथोर्फीन निकालना बताया गया। इस प्रकार 6.2 एमएल की खपत ज्यादा बताई गई। असम में उपयोग की गई 7.8 एमएल दवा के उपयोग के बारे में बताया गया कि उपयोग की गई औषधि से संबंधित जानकारी मानस टाइगर रिजर्व असम के पास है।

# आईटी सर्वे में 10 कारोबारियों के 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आयकर विभाग ने पिछले 11 महीने में 10 कारोबारियों के यहां सर्वे कर 236 करोड़ रुपए की अघोषित आय उजागर की है। आईटी ने यह कार्रवाई वित्तीय वर्ष 2024-25 में की है। इनमें सराफा, रेलवे ठेकेदार, अस्पताल और कोलवाशरी संचालकों के ठिकाने शामिल हैं।

आयकर अफसरों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक धारा 133 ए के सर्वे की कार्रवाई रायपुर में 5 बिलासपुर में 2, राजनांदगांव, धमतरी और अंबिकापुर के 1-1 कारोबारी ठिकानों में की गई है। उक्त सभी फर्म के संचालक अपनी नियमित आय के साथ ही सर्वे के दौरान मिली अघोषित आय के साथ ही अग्रिम टैक्स जमा करवा रहे हैं। यह सभी कार्रवाई मुख्य आयकर आयुक्त (सीसीआईटी) अपर्णा करण के निर्देश पर की गई है। मुख्य आयकर आयुक्त के अनुसार करदाताओं के समय पर भुगतान को सुगम बनाने के लिए अग्रिम कर भुगतान एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 208 के तहत, यदि किसी व्यक्ति की अनुमानित कर देयता एक वित्तीय वर्ष में 10 हजार रुपए या उससे अधिक होने पर अग्रिम कर का भुगतान करना अनिवार्य है। समय पर इसके जमा करने पर करदाता को धारा 234 बी एवं 234 सी के तहत लगने वाले ब्याज से बचाव होता है।




- आयकर विभाग ने कारोबारियों को 31 मार्च के पूर्व अग्रिम टैक्स जमा करने कहा

#### अतिरिक्त देनदारी से बचाव

करदाता अग्रिम कर न जमा करके, स्व-मूल्यांकन कर के रूप में टैक्स का भुगतान करते हैं। यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद होता है। 31 मार्च तक किया गया कर भुगतान भी अग्रिम टैक्स के रूप में देने पर करदाता अतिरिक्त ब्याज की देनदारी से बच सकते हैं। स्व मूल्यांकन कर का भुगतान करने से ब्याज देय होता है, जबकि अग्रिम टैक्स समय पर भुगतान करने से यह अतिरिक्त लागत बचाई जा सकती है। करदाताओं से स्व-मूल्यांकन कर के स्थान पर 31 मार्च से पहले ही अग्रिम टैक्स का भुगतान करने कहा गया है। बता दें कि राज्य के सभी करदाता चालू वित्तीय वर्ष में अग्रिम टैक्स का 100 फीसदी भुगतान 31 मार्च तक करने कहा गया है।

# खून से खत लिखेंगे बीएड शिक्षक अब तक रिपोर्ट नहीं सौंप सकी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समायोजन की मांग को लेकर पिछले 97 दिनों से तूता धरना स्थल पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक अपने खून से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र लिखेंगे। प्रदर्शन के 98वें दिन अर्थात 20 मार्च को यह खत लिखा जाएगा। बीएड शिक्षकों का कहना है कि उनके द्वारा कई तरह के प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इसके बाद भी सरकार द्वारा अब तक उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। अपनी पीड़ा से शासन को अवगत कराने के लिए अब खून से खत लिखने का निर्णय लिया गया है। महिला शिक्षक भी इसमें शामिल रहेंगी। इसके पूर्व मुंडन, जलसमाधिक, पैदल मार्च, दंडवत यात्रा सहित कई प्रकार से विरोध-प्रदर्शन किया जा चुका है।

- समायोजन की मांग लेकर 97 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं बीएड शिक्षक
- निगम चुनाव के पहले बनी थी कमेटी, अब तक कोई फैसला नहीं

गौरतलब है कि प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षकों के 3 हजार पदों पर बीएड शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की गई थी। बाद में न्यायालय के आदेश के बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर शिक्षक डीएलएड शिक्षकों को ही नियुक्त करने निर्देश दिए गए। नए निर्देश के बाद नौकरी से निकाले गए बीएड डिग्रीधारी शिक्षक अब समायोजन की मांग कर रहे हैं।



#### डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभ

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जनवरी की शुरुआत में जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखकर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्ति देने आदेश जारी किया गया था। इसके बाद डीएलएड अभ्यर्थियों की मेरिट आधार पर भर्ती सूची जारी की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश दिए जाने के लगभग दो माह पश्चात डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति का दौर प्रारंभ हो गया है। मार्च माह तक यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

#### चुनाव के पहले बनी थी कमेटी

बीएड शिक्षकों के उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए शासन ने कमेटी बनाई थी। नगर निगम चुनाव के पहले यह कमेटी बनाई गई थी। कमेटी को शिक्षकों के समायोजन विकल्पों पर विचार करते हुए शासन के समक्ष अपना प्रस्ताव पेश करना था। शिक्षकों की योग्यता, शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की स्थिति के आधार पर समायोजन विकल्प पेश किए जाने थे। कमेटी द्वारा अब तक कोई भी प्रस्ताव पेश नहीं किए जा सके हैं। आंदोलनरत शिक्षकों ने अपने किसी प्रतिनिधि को कमेटी में रखे जाने की भी मांग उस दौरान की थी।

# अप्रैल से नई व्यवस्था के तहत संचालित होंगे ई-रिक्शा, ऑटो

- किस इलाके में कितना ई-रिक्शा, ऑटो की डिमांड, ट्रैफिक पुलिस करा रही सर्वे
- शहर में 22 हजार ऑटो, ई-रिक्शा अलग-अलग मार्गों में संचालित हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी की सड़कों को ऑटो के दबाव से मुक्त करने ट्रैफिक पुलिस ऑटो संचालित करने अप्रैल से नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। नई व्यवस्था अप्रैल मध्य या माह के अंत में लागू हो सकती है। किस एरिया में कितने यात्रियों का दबाव है और वहां पूरे दिन कितने ऑटो का दबाव रहता है, ट्रैफिक पुलिस इसके लिए सर्वे कराने का काम कर रही है।

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालित करने प्रस्तावित योजना के तहत ऑटो चालकों से अगले सप्ताह से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही ऑटो चालकों के लिए आई कार्ड बनाने के साथ ही किस जोन में कौन सा ऑटो चलाया जाएगा, इसकी पहचान के लिए स्टीकर तैयार कराया जा रहा है। ऑटो चालकों को यूनिक आईडी दिया जाएगा, जिसमें उनके बारे में डिटेल जानकारी होगी।

#### बेतरतीब ऑटो पर लगाम लगने का दावा

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक वर्तमान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित शहर के कई ऐसे व्यस्त मार्ग हैं, जहां जरूरत के हिसाब से बेतरतीब तरीके से दो से ढाई गुना ऑटो का जमावाड़ा रहता है। सिस्टम बन जाने के बाद व्यवस्थित तरीके से ऑटो का संचालन होगा। इससे सभी ऑटो वालों को सवारियां मिलेंगी।



#### व्यस्त मार्गों का चयन

ऑटो संचालित करने शहर को चार अलग-अलग जोन में बांटा गया है। अलग-अलग जोन के मार्गों में ऑटो के दबाव के बारे में ट्रैफिक पुलिस के अफसर सर्वे के माध्यम से जानकारी जुटा रहे हैं। इसके बाद जोन में ऑटो के दबाव के आधार पर संबंधित क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से ऑटो की संख्या निर्धारित कर ऑटो चालकों को अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी।

#### पहले आओ, पहले पाओ का सिस्टम

अफसर के अनुसार अपने मन पसंद एरिया में ऑटो चलाने के इच्छुक ऑटो चालकों के लिए पहले आओ पहले पाओ का सिस्टम लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के अनुसार पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने के इच्छुक ऑटो चालक को ट्रैफिक पुलिस में आवेदन करना होगा। पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने अनुमति चाहने वाले ऑटो चालक को पहले आवेदन लगाना होगा। तभी उस ऑटो चालक को अपने पसंदीदा जोन में ऑटो चलाने अनुज्ञप्ति मिल पाएगी।

#### प्रक्रिया चल रही

शहर को चार जोन में बांटकर ऑटो संचालित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए लोगों से सुझाव मंगाए जा रहे हैं। अप्रैल के मध्य तक नई व्यवस्था के तहत ऑटो का संचालन शुरू हो सकता है।
- **सतीश ठाकुर,** ट्रैफिक डीएसपी

### निगम चुनाव में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर लड़े थे पार्षद पद का चुनाव

# निर्दलीय पार्षद आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बागी होकर पार्षद का चुनाव लड़ने वाले निष्कासित कांग्रेस नेता आकाश तिवारी की पार्टी में वापसी हो गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट ने उन्हें फिर कांग्रेस में प्रवेश कराया। इस दौरान पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू मौजूद रहे।

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर आकाश तिवारी ने बागी होकर पार्षद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। इसमें उन्होंने जीत हासिल की। आज उनकी कांग्रेस में वापसी हुई है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने उन्हें गमछा पहनाकर स्वागत किया। विदित हो, निवृतमान महापौर एजाज ढेबर की परिषद में आकाश तिवारी को पर्यावरण संस्कृति एवं विरासत संरक्षण विभाग का अध्यक्ष बनाते हुए एमआईसी में जगह मिली थी। श्री तिवारी ने अपने वार्ड की जन समस्या को समय-समय पर प्रमुखता से उठाया।



आकाश तिवारी की कांग्रेस में वापसी से अब रायपुर नगर निगम में कांग्रेसी पार्षदों संख्या बढ़कर 8 हो गई है। वहीं शहरी सरकार में निर्दलीय पार्षद सावित्री धीवर के भाजपा में प्रवेश के साथ ही भाजपा पार्षदों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। वहीं अब निर्दलीय पार्षद की संख्या 1 रह गई है। वामनराव लाखे वार्ड के निर्वाचित पार्षद बब्बी सोनकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं।

# राष्ट्रपति 24 को आएंगी, कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 24 मार्च को रायपुर प्रवास पर आएंगी। उनके आगमन व कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण करने छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुसार पूरी की जाएं।



कलेक्टर ने इस दौरान बैठक की, जिसमें यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रपति अपने प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विधानसभा सत्र की समाप्ति पर 'विधायकों को उद्बोधन' कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में ट्रेप कैमरे में वन्यप्राणियों की तस्वीर कैद ...



**मैनपुर।** जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र प्रदेश के काफी महत्वपूर्ण टाइगर रिजर्व में से एक है यहां अनेक प्रकार के वन्यप्राणी खुले जंगल में स्वतंत्र विचरण करते देखे जा सकते है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के युवा अफसर एवं उपनिदेशक वरूण जैन के विशेष प्रयास से जंगल के भीतर जगह-जगह लगाए गए ट्रेप कैमरे के माध्यम से इन दिनों जंगल में दुर्लभ वन्यप्राणियों की तस्वीर लगातार सामने आ रही है। इस सप्ताह उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरे में वन्यप्राणियों की तस्वीर कैद हुई।

## खबर संक्षेप



### शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की

**बागबाहरा।** अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बागबाहरा उमेश साहू के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज तहसीलदार बागबाहरा जुगल किशोर पटेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई के तहत बागबाहरा तहसील के खसरा नंबर 49 में घास मद की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त भूमि पर हीरेंद्र देवांगन सहित अन्य तीन व्यक्तियों द्वारा मकान एवं बाड़ी बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। अतिक्रमणकारियों को पूर्व में ही नोटिस दिया गया था, किंतु आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण उस समय कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी। 20 मार्च को तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, नगर पालिका अमला तथा राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल की उपस्थिति में इस अतिक्रमण को हटा दिया। एसडीएम उमेश साहू ने बताया कि कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर किए गए सभी अतिक्रमणों को हटाने की सतत कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और प्रशासन की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

### 87 बकायादारों की बिजली काटी

**महासमुंद।** लंबे समय से विद्युत देयकों की अनदेखी करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन काटी जा रही है। कार्यपालन यंत्री पीआर वर्मा ने बताया कि टीम गठित कर महासमुंद संभाग के अंतर्गत राजस्व वसूली हेतु महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्र में 18 मार्च को बिजली बिल हेतु लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक रूप से लाइन विच्छेदन किया गया। महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्र के बकाया राशि 3540987 रूपए वाले 87 उपभोक्ताओं मँगती बाई धोबी, सेवाराम सेन खरोरा, स्वाति टाईल्स, उइके टाईल्स, गिरजा यादव, कोमल चंद साहू बम्हनी, नारद कुर्रे, बहुर सिंह सिन्हा, संतोष सिन्हा, सखाराम सिन्हा, मन्नू लाल भलेसर एवं अन्य का लाइन विच्छेदन किया गया। विच्छेदन उपरांत 18 उपभोक्ताओं ने 384190 रूपए भुगतान किया। वसूली की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जटाकन्हार में आरोपी उदेराम भारती पिता साखीदास भारती (37 साल) के घर से 4 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमती 800 रुपए जब्त किया।

## निधन

### लोकेश्वरी साहू



**छुईहा बेलर।** ग्राम चरभट्ठी निवासी कुमारी लोकेश्वरी साहू का गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे उपसरपंच थनेश्वर साहू की पुत्री थी।

**पदभार : हवन-पूजन के साथ पालिका अध्यक्ष रिखीराम ने संभाली कुर्सी**

# नगर की जनता के विश्वास को कायम रखने ईमानदारी से करेंगे काम : नपा अध्यक्ष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पालिका परिषद गरियाबंद के नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने गुरुवार को पालिका कार्यालय में कार्य का आरंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने सबसे पहले शीतला मंदिर पहुंचकर मां शीतला की पूजा अर्चना किया और अपने कार्यकाल की सफलता के साथ ही क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इसके बाद, वह सीधे पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अध्यक्ष कक्ष में हवन पूजन कराया। इसके साथ ही पूरे कार्यालय का गंगाजल व गौ मूत्र से शुद्धिकरण भी कराया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने अपने कार्यकाल में जनता की सेवा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह जनता के विश्वास को कायम रखने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे और हर एक विकास कार्य को समय पर पूरा करेंगे।

मालूम हो कि बीते 10 मार्च को नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव समेत पार्षदों ने शपथ लिया था। इसके बाद 20 मार्च गुरुवार को उन्होंने पालिका के अध्यक्ष कक्ष में हवन-पूजन कराकर कार्यभार संभाला। सत्ता की कुर्सी में बैठने से पहले अध्यक्ष रिखीराम यादव ने सुबह सबसे पहले सपत्नीक गरियाबंद नगर के शीतला मंदिर पहुंचकर मां शीतला के दर्शन व पूजा-अर्चना किया, तत्पश्चात पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रवेश द्वार पर मत्था टेका, उसके बाद अंदर प्रवेश किया।

### कुर्सी संभालने से पहले पालिका का शुद्धिकरण

नव निर्वाचित पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने पालिका की कुर्सी संभालने से पहले हवन-पूजन कराया। अध्यक्ष कक्ष में वैदिक मंत्रोपचार के साथ पूजा-अर्चना के साथ ही हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद पूरे कार्यालय का गंगाजल एवं गौ मूत्र से शुद्धिकरण किया गया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने हाथ पकड़कर रिखीराम यादव को अध्यक्ष की कुर्सी में बिठाया। इसके बाद अध्यक्ष का पगड़ी रस्म हुआ।



### वास्तु के आधार पर बैठने की दिशा बदली

बता दें कि पालिका में अध्यक्ष बदलते ही कई चीजें बदली हुई नजर आई। पूर्व में मौजूद चेंबर में बैठने की दिशा को वास्तु के आधार पर बदल दी गई है। कुर्सी में बैठने से पूर्व नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने प्रणाम किया। कहा जा रहा है कि यह सिर्फ धार्मिक परम्पराओं का पालन नहीं, बल्कि एक संकेत था कि अब नगरीय प्रशासन भारतीय संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप चलेगा।

### राजनीति में दिखी एक अलग तस्वीर, हो रही जमकर चर्चा

गरियाबंद नगर पालिका में आज एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसकी जमकर चर्चा हो रही है। बताना लाजिमी होगा कि पालिका की कुर्सी पर बैठने से पहले नए अध्यक्ष रिखीराम यादव द्वारा हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें उनकी धर्मपत्नी के अलावा सब्जी व्यवसाय करने वाली एक बुजुर्ग महिला गनेशिया बाई निर्मलकर भी थी। यह वहीं महिला है, जो नगरीय निकाय चुनाव में हर पल रिखीराम यादव के साथ रहती थी, और जीत की प्रार्थना करती थी। बताया गया कि गनेशिया बाई कई सालों से सब्जी का व्यवसाय करती है। जो कि इस बार निकाय चुनाव में कांग्रेस से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के पास काम करती है, लेकिन चुनाव में वह भाजपा के प्रत्याशी रिखीराम यादव के साथ रही। आज जब जीतने के बाद कुर्सी पर बैठने का अवसर मिला, तो रिखी यादव ने सबसे पहले बुजुर्ग महिला को सम्मान दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गिरीश उपासने, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा, केशव साहू, बलदेव सिंह हुंदल, लोकनाथ साहू, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पार्षद सुरेंद्र सोनटेके, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, खेमसिंह बघेल, मोहित द्विवेदी, वीरू यादव, केशर निर्मलकर सहित गणमान्य नागरिक और पालिका कर्मचारियों ने भी उनका साथ दिया और उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

## नवापारा में मनाया गया विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा अस्पताल में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस गुरुवार को मनाया गया। जिसमें डॉ. तेजेंद्र साहू , दंत चिकित्सक डॉ. राजकुमार वर्मा ने दांत एवं मुख से संबंधित जानकारी दी। बताया कि स्वस्थ मुंह स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का आधार है, हमें अपने मुंह तथा दाँतो की सफाई अच्छे से करना, संतुलित पौस्टिक आहार लेना एवं स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाना चाहिए तथा तम्बाकू व अन्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। नियमित दांतों की जांच करानी चाहिए। इस अवसर पर ऑरल हाइजीन किट टूथ ब्रश टूथ पेस्ट, टंग क्लीनर वितरण किया गया। कार्यक्रम में नसिंर्ग इंचार्ज यशोदा देवांगन, एलपी तारक, सुपरवाइजर एमएस पाल सुपरवाइजर, लैब टेक्नीशियन रामअवतार यदु, मुकेश साहू, नीतेश कुंभकार, सिस्टर-महिपाल , टिकेश्वरी, फार्मेसिस्ट दुष्यंत साहू, एक्सरे रेवा और अन्य स्टाफ रवि यादव, जानकी साहू बिमला मौजूद रही।



### नीलकंठ बने ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में ग्राम विकास समिति के नीलकंठ सिन्हा अध्यक्ष बने। सचिव कामता साहू बनाए गए। दोनों पदाधिकारियों को ग्रामवासियों ने शुभकामना दी।

## पेज 11 के शेष...

### हड़ताल को सरपंच...

से बहुत पहले से जुड़े हुए हैं और सचिवों की मेहनत और कार्य क्षमता को हम लोग जानते हैं पंचायत में सचिव के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता आज सचिवों के हड़ताल में चले जाने से हम लोग पंचायत की रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने में असमर्थ हैं अभी भीषण गर्मी का समय है पेयजल का गंभीर संकट प्रत्येक पंचायत में गहराया हुआ है साथ-साथ हम सरपंचों को प्रभार भी नहीं मिल पाया है।

### ग्रामीणों को नहीं...

के तहत चबुतरा निर्माण किया गया है। मगर सुरगपानी के ग्रामवासी अपने घरों लगे नल कनेक्शन को देखकर कहा रहे हैं, इस नल में कब पानी आयेगा।योजना की लागत 159.48 लाख रुपए है और कार्य अवधि 9 माह का है और आज एक साल 6 माह होने को है। इस तरह ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम जिडार में पानी टंकी बनकर तैयार हो गया है मगर इस योजना से लोगों पानी नसीब नहीं हो रहा है। यहां के ग्रामीण बनवाली यादव, लखन यादव, ग्राम पटेल चन्द्र सिंग, देवसिग ने बताया कि हमें न तो योजना से किसी तरह से लाभ मिल रहा है, और न ही इतनी बड़ी टंकी से पीने के लिए पानी मिल रहा है। किंतु ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराई जाने में कोई भी दिलचस्पी दिखा नहीं रहें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आम जनता को जल संकट से मुक्ति कब मिलेगी।

### एनसीसी कैडेट्स ने...

27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर रॉयल्स ने गांवों में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, एनसीसी कैडेट्स हमेशा समाज के लिए प्रेरणा रहे हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान जैसे केंद्रीय योजनाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। 'रायपुर रॉयल्स' ऐसे सामाजिक सेवा अभियानों में अग्रणी बने रहेंगे।/" लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप नायर, प्रशासनिक अधिकारी, 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर, ने गांवों में बढ़ते प्लास्टिक उपयोग और इसके अनुचित निपटान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमारी दैनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग चिंताजनक है, और एनसीसी कैडेट्स इस खतरे को विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से उजागर करना जारी रखेंगे।गांव के चंडीमाता मंदिर के मुख्य पुजारी भोला दुबे एवं ग्राम सरपंच घसिया राम साहू ने कैडेट्स के इस श्रमदान की सराहना की और आश्वासन दिया कि भविष्य में गांव में कचरा एवं गंदगी जमा न होने देने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी यह अभियान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने में एनसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### नगर के विकास के...

के साथ सही बर्ताव करें और सम्मानपूर्वक उनकी बात सुने। किसी को भी भटकने की जरूरत न पड़े। कहा कि अधिकारी और कर्मचारी अपने डयुटी में रोज निर्धारित समय में पहुंचे और शाम 5 बजे तक कार्यालय में रहकर काम करें। वे अचानक सुबह 10 बजे भी पहुंचकर कार्यालय में निरीक्षण कर सकते है। पदभार ग्रहण करने के दौरान उनकी धर्मपत्नी स्वर्णलता शर्मा यादव, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, तुषार कदम, भारत यादव, आकाश राजपूत, सुमित्रा निराला, कुलेश्वर साहू, रेखा-कुलेश्वर साहू, सुरेश पटेल, अजय पटेल, बलराम यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यद्यु, ताराचंद मेघवानी, सुनील तिवारी, पवन सोनी, रामकुमार साहू, साधु निषाद, नीतू जैन, सिंटु सौरभ जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**लोगों की समस्याओं का गंभीरता से करें निराकरण-** अध्यक्ष महेश यादव ने राजिम नगर पंचायत के अफसरो एवं कर्मियो की मैराथन बैठक ली। दोपहर 1 बजे से शुरू हुई यह बैठक करीब तीन घंटे शाम 4 बजे तक चली। इस दौरान हर विभागो के प्रभारी से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। कहा कि अब ढर्रा नहीं चलेगा, काम तत्परता से करने होंगे। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर हल करने की दिशा में काम करना होगा।

**गरियाबंद में हुआ व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन**

# व्यक्तित्व के निर्माण के लिए मन, बुद्धि शरीर और इंद्रियों पर नियंत्रण आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के पांच प्रमुख महाविद्यालयों- शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय पीजी महाविद्यालय, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बीएड/डीएड गुरुकुल महाविद्यालय, आईटीएस कॉलेज और शासकीय आईटीआई महाविद्यालय में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम रायपुर द्वारा व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रसेवा, देशप्रेम और आध्यात्मिक विचारधारा को जागृत करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकज्योति मासिक पत्रिका के संपादक स्वामी प्रपत्यानंद जी महाराज ने युवाओं को बताया कि एक सफल व्यक्तित्व के निर्माण के लिए मन, बुद्धि, शरीर और इंद्रियों पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, संयम और आत्मअनुशासन से ही चरित्र निर्माण संभव है। अन्य वक्ताओं में डॉ. बी.एल. सोनकर (प्रोफेसर,




अर्थशास्त्र विभाग, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर), डॉ. विनित कुमार साहू (सहायक प्राध्यापक, शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा) एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव ने अपने विचार साझा किए। डॉ. सोनकर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणादायक घटनाएं साझा करते हुए कहा कि चरित्रवान बनने के लिए अनुशासन और आत्मनिर्भरता जरूरी है। डॉ. विनित कुमार साहू ने व्यक्तित्व विकास शिविर के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम रायपुर द्वारा निःशुल्क विवेकज्योति मासिक पत्रिका और शक्तिदायी विचार पुस्तक का वितरण किया गया। शिविर में वीर सुरेन्द्रसाय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके तलवरे, सीएल तारक, डॉ. नीलांबर पटेल, डॉ. सत्यम कुंभकार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रेमानंद महिलांग, भुनेश्वर कुर्रे, गुरुकुल महाविद्यालय के संरक्षक धर्मेंद्र ओझा, आईटीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र तिवारी, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य एवं शिक्षकगण समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जिले में ही महुआ का 80 करोड़ से अधिक का कारोबार, बाजर में 40 से 43 रुपये किलो में बिक रहा**

# गांवों में पेड़ों से बरस रहा पीला सोना, छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में वनोपज का बहुमूल्य योगदान होता है जिसमें महुआ फूल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है अकेले महुआ फूल का कारोबार छत्तीसगढ़ में अरबों रूपयों का होता है इससे ही महुआ फूल की महत्ता का एहसास हो जाता है। इन दिनों छत्तीसगढ़ में इस फूल की बहार छायी हुई है कहीं तो यह फूल निकलकर बाजारों तक पहुंच गया है तो कहीं बाजार तक पहुंचने का व्यवसायी इंतजार कर रहे रहे हैं मैनपुर, बिन्द्रानवागढ़, गरियाबंद, देवभोग, अमलीपदर, छुरा, कोमाखान, बस्तर में ये महुआ बाजर में 40 से 43 रुपये किलो बिक रहा है। एक स्थिति स्पष्ट है कि महुआ के आवक और मूल्यों के उतार-चढ़ाव का अच्छे-अच्छे जानकार अंदाज नहीं लगा पा रहे हैं ऐसा कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ का महुआ, बाजार पूरी तरह बिहार की खरीदी-बिक्री पर निर्भर करता है इसका सही अनुमान मार्च के अंतिम और अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही लगता है तब ही व्यवसायी संग्रहण की मात्र तय करते हैं। ग्रामीणजन प्रातः 05 बजे से जंगलों की ओर निकल जाते हैं और 11 बजे तक दो-दो टुकनी लगभग 20 किलो एक-एक ग्रामीण लेते आता है इनमें बच्चो की संख्या अधिक होती है।

परीक्षा के उपरांत एक-एक बच्चा एक-एक दिन में 400-400 रुपए मूल्य का महुआ एकत्र कर लेता है और यही सीजन लगभग डेढ़ से दो माह का होता है। महुआ को घर में लाकर धूप में हल्क-फुल्का सुखाया जाता है और व्यवसायियों तक बेच दिया जाता है। इस तरह एक सीजन में एक परिवार 25 से 30 हजार रुपए तक एकत्र कर लेता है। व्यवसायी इस महुआ को अपने फड़ों में इसे 2 से 3 दिन तक धूप में सुखाकर डेढ़ से दो रुपया अधिक प्राप्त कर शहरों में बेच देते हैं। महुआ व्यवसायी से चर्चा करने पर वे कहते है पूर्व वर्ष के कड़वे अनुभव को के देखते हुए इस वर्ष व्यवसायी काफी सोच-समझकर महुआ को बिक्री को खरीदी कर रहे है हालांकि कि फसल काफी अच्छी है है और दाम टूट टूटने के आसार हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 50 प्रतिशत हिस्सों में महुए की आवक प्रारंभ हुई है। सही ही स्थिति मार्च के अंतिम या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही नजर आएगी। अभी कुछ कहना संभव नहीं है।

### इकोनॉमी को मजबूती प्रदान करने में वनोपज की अहम भूमिका

छत्तीसगढ़ के इकोनॉमी को मजबूती प्रदान करने में महुआ वनोपज की महत्वपूर्ण भूमिका छत्तीसगढ़ की इकोनॉमी को मजबूती प्रदान करने में वनोपज की अहम भूमिका है अकेले महुआ फुल का कारोबार जिले में 80 करोड़ रूपये के अधिक का होता है इन दिनों जंगल में महुआ फुल बाजार तक पहुंचने लगा है और ग्रामीण क्षेत्र के सड़क इनके मादक खुशबु से लोगों को मोहित कर रहा है।



### तापमान में बढ़ोत्तरी से पैदावार में इजाफा

महुआ फूल की आवक पूरी तरह गर्मी पर निर्भर करता है जितनी तेज धूप और गर्मी बढ़ेगी महुआ का पैदावार उतना अधिक होगा। तब फूलों को पेड़ों से तोड़ने की आवश्यकता नहीं होती अपने आप गर्मी बढ़ने के साथ वह पेड़ों से टपकता है। संग्राहकों को इसे मात्र उठाकर अपने टुकने में डालना होता है। कम मेहनत की वजह से ग्रामीण बच्चों को इस काम में अधिक लगाते हैं। महुआ सीजन में अधिकतर भालू के आक्रमण के समाचार अधिक मिलते हैं क्योंकि भालू भी इस फूल का सेवन करने के शौकीन हैं। अगर देखा जाये तो छत्तीसगढ़ में सबसे अच्छा पीला व सूखा महुआ मैनपुर, छुरा, बसना, कांकेर, राजनांदगांव, गरियाबंद, का गिना जाता है। जिले के नवागढ़, मैनपुर, शोभा, गौरगांव, इंदागांव, धुरवागुड़ी, अमलीपदर, गोहरापदर, उरमाल, देवभोग, चांदाहंडी के इलाके में इन दिनों पीला सोना कहलाने वाले महुआ फुल की बहार आयी है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक ने कराया न्योता भोज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खैरझिटी के शासकीय पूर्व शाला एवं माध्यमिक शाला में बुधवार को रंग पंचमी के शुभारंभ पर शिक्षक छोटे लाल सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नि दुर्गारानी सिन्हा के द्वारा प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त छात्र-छात्राओं सहित पूरे स्टॉफ को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बड़ा पूड़ी खीर परोसा गया। वहीं शिक्षक सिन्हा जी के लड़की गीताजंली सिन्हा का कुछ दिन पहले विवाह संपन्न हुआ विवाह में समस्त स्टाफ शामिल हुए इसी खुशी में न्योता भोज कराया गया।

### नवनिर्वाचित सरपंच का हुआ सम्मान

**तेंदूकोना।** ग्राम पंचायत मोंगरापाली (स) से नवनिर्वाचित सरपंच भूमिका विनय साहू को जिला साहू संघ महासमुंद द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष धरम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं तहसील परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### योग भवन में होली मिलन कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ द्वारा 21 मार्च शुक्रवार को होली मिलन का आयोजन संध्या 6 बजे से स्वामी शिवानंद योगभवन में रखा गया है। योग भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में विशेष बात यह होगी कि रंग गुलाल की जगह होली फूलों से खेली जाएगा। कार्यक्रम में शहर के नागरिक शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी योगाचार्य तारेंद्र चंद्राकर एवं लक्ष्मीनाथ चंद्राकर ने दी।

### अवंतिबाई को दी गई श्रद्धांजलि

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पंच त्रिवेणी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अवंतिबाई लोधी एक भारतीय महिला जमींदार थीं, जो स्वतंत्रता सेनानी और प्रथम शहीद वीरांगना बनीं थीं 20 मार्च को वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप से मनाया जाता है।

### कन्नौजे सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन 24 को सिरपुर में

**महासमुंद।** कन्नौजे (नाई) सेन समाज का वार्षिक अधिवेशन राधा मोहन कन्नौजे सेन सेवा समिति मंदिर परिसर सिरपुर में 24 मार्च सोमवार को होगा। वैशाली नगर (भिलाई) विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि खेम कुमार सेन पार्षद नगर निगम रायपुर, प्रहलाद सेन पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एवं पुष्पा केआर माली सरपंच ग्राम पंचायत सिरपुर उपस्थित होंगे। समाज के प्रांतीय महामंत्री एवं प्रवक्ता टेकराम सेन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अपरान्ह 3 बजे होगा।

**समारोह :** रंगपंचमी पर कंसारी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

# होली मिलन एकता व भाईचारे को बढ़ाने का है माध्यम : बाबूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कंसारी समाज द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर के नवनिर्मित विशाल प्रांगण में भव्य होली मिलन एवं नव निर्वाचित पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि समाज प्रमुख के रूप में मुन्नालाल साव, बाबूलाल कंसारी, नंदकुमार कंसारी राजकुमार कंसारी, दशरथ कंसारी, उदेराम,कंसारी, अशोक भारद्वाज, कलिदान कंसारी, सहदेव कंसारी तरुण, पूजा, धर्मिन, पदमा, गोविंदा कंसारी योगिता सिन्हा, मंच पर आसीन थे। नव निर्वाचित पार्षदों एवं अतिथियों का सम्मान स्वागत गोविंदा, गोविंदो, बलराम, रमेश, मुन्ना, गोपाल, गणेश, तुकाराम, विजय, विमला, कल्याणी, हर्षा, गायत्री ,पूर्णिमा सुनीता, द्रोपदी ,अनीता नर्मदा आदि ने पुष्प हार भेंट कर तिलक वंदन कर किया। अवसर पर कंसारी समाज संगठन के संरक्षक बाबूलाल कंसारी ने कहा कि होली मिलन का यह कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे का भाव बढ़ाने का एक अच्छा माध्यम हैं। इसी बहाने हम एक जगह एकत्रित होते हैं और आपसी विचारों के आदान प्रदान से अपनेपन और भाईचारा का भाव उत्पन्न होता हैं । समाज में सभी के सहयोग से हर कठिन काम सफल होता हैं।



#### फाग गीत की धुन में सभी थिरकते

अध्यक्ष एवं पार्षद सहदेव कंसारी ने कहा कि समाज के लिए यह गर्व का विषय हैं कि कंसारी समाज से तीन पार्षद चुनकर आए हैं। हम निश्चित ही समाज को प्रगति के पथ पर लें जाने की हर संभव कोशिश करेंगे। इस अवसर पर युवा संगठन अध्यक्ष एवं पार्षदत रुण कंसारी, पार्षद पूजा कंसारी उपाध्यक्ष कालिदान कंसारी, योगिता सिन्हा, दशरथ कंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शुभकामना संदेश दिए। सामाजिक बंधुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शांति सद्भाव पूर्ण होली का त्यौहार मनाया। गले मिलकर भाईचारे के भाव का परिचय दिया। साथ ढोल नगाड़े की थाप पर फाग गीत की धुन में देर तक सभी थिरकते रहें। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन कंसारी समाज संगठन अध्यक्ष सरोज कंसारी ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी, समाज संगठन, युवा संगठन ,संकीर्तन मंडल, शिक्षा विकास समिति ,महिला संगठन, सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा । इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहें।

#### समाज के विकास में सभी का योगदान हो

इस अवसर पर मुन्ना साव ने कहा कि हर समस्या का समाधान सहयोग ,सामंजस्य स्थापित कर किया जा सकता हैं। कंसारी समाज के सभी संगठन एकजुट होकर हर काम करते हैं। यही वजह हैं कि यहा संगठन की शक्ति से सभी जागृत, सक्रिय होकर आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर बाबूलाल कंसारी ने कहा कि समाज के विकास में सभी का योगदान होना चाहिए आपसी बैर भाव छोड़कर हमें समर्पण भाव से कार्य करना जरूरी हैं।होली का त्यौहार मन की हर बुराई को दूर करके सत्य का साथ देने का एक संदेश हैं। समाज के वरिष्ठ सदस्य नंदकुमार कंसारी ने कहा कि हर व्यक्ति की पहचान समाज से होती हैं। आपसी मन मुटाव को भूलकर समाज में एक पारिवारिक भाव के संचार से ही हम समाज में शांति सुरक्षा और सदभाव बना सकते हैं।

## श्रीराधाकृष्ण मंदिर में रंग पंचमी पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रीराधाकृष्ण मंदिर में रंग पंचमी पर्व भगवान श्री कृष्ण और राधा की पूजा के साथ मनाया गया। यहां मौजूद लोगों ने एक- दूसरे को गुलाल लगाया। यह पर्व एकता और स्नेह का संदेश है भारतीय संस्कृति का धरोहर है यह पर्व चैत कृष्ण पक्ष की तिथि पंचमी को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में कई फाग गाने वाले मंडली पहुंची। इस दौरान श्रीराधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल अभिषेक अग्रवाल, विजय गोयल, प्रणय अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, नयन अग्रवाल, बजरंग गोयल , संदीप गोयल, अक्षय अग्रवाल, सुयस गोयल के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## नवदम्पत्ति ने पौधा लगाकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**नवापारा-राजिम।** सोनेसिल्ली के मुकेश साहू का विवाह बेलर के लिलेश्वरी से हुआ। सात फेरे लेते वक्त कहा कि हम दोनों मिलकर पर्यावरण को संरक्षित रखेंगे और ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधा लगाएंगे। यह वचन शादी रस्म को पूरा कराते हुए पंडित जी ने दिलाया, शादी के पश्चात गांव आगमन पर पंचायत परिसर में पाम और अशोक का पौधारोपण किया नवनिर्वाचित सरपंच अजय साहू ने गांव के मुखिया होने के नाते इस प्रयास की सराहा की। पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, पवन साहू सहित अनेकों लोग शादी समारोह में शामिल हुए।

## विश्वविद्यालयों की गुणात्मक विकास की कुंजी : प्रो. पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में नैक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं मानदंड पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर एमिटी यूनिवर्सिटी, रायपुर के पूर्व कुलपति एवं शिक्षाविद प्रोफेसर आरके पाण्डेय थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. आर के पांडेय ने कहा कि नैक में सबसे ज़रूरी होता है विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली किसी भी गतिविधि का डाक्यूमेंटेशन। हर छोटी-सी-छोटी चीज़ का डेटा मौजूद होना चाहिए। दूसरी सबसे महत्वपूर्ण है कि कोर्स और अनुसंधान सम्बन्धी डेटा। यदि आप कोई भी कोर्स डिजाइन करते हैं तो उसका आउटकम दिखना चाहिए। रिसर्च के क्षेत्र में हम जो भी कार्य करते हैं उसका परिणाम और आज के समय में उसकी अहमियत को बताना आवश्यक है। साथ में ही उसपर खर्च होने वाले पैसे का पूरा विवरण होना चाहिए। आज के समय में नैक भारतीय ज्ञान परम्परा और उसके लिए आपके विश्वविद्यालय की योजना पर डेटा आवश्यक है। क्योंकि प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा सिर्फ़ साहित्य, कला और अध्यात्म के क्षेत्र में ही नहीं है बल्कि विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी विकसित रहा है। संख्या और वैशेषिक दर्शन गणित और विज्ञान से जुड़ा हुआ है। वैशेषिक दर्शन में महर्षि कणाद ने भौतिक जगत की रचना, पदार्थ, गति, ऊर्जा और तत्वों की व्याख्या की।

#### जगत का प्रत्येक कण एक दूसरे से जुड़ा है



वे बताते हैं कि जगत का प्रत्येक कण एक दूसरे से जुड़ा हुआ है और यही तो विज्ञान भी कहता है कि यदि एक बार एक कण को दूसरे से जोड़ दिया गया तो चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रखिए या दूसरे ग्रह पर भेज दीजिए उनके बीच जुड़ाव बना रहेगा। प्रो. पांडेय ने कहा कि वैशेषिक दर्शन ने जिन विचारों को प्रस्तुत किया था, उन्हें आधुनिक विज्ञान ने प्रमाणित किया है। भारतीय मनीषियों ने संख्याओं और भौतिक पदार्थों के मूलभूत सिद्धांतों को हजारों साल पहले ही समझ लिया था, जो आज भी विज्ञान की नींव बने हुए हैं।इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने एफडीपी की ज़रूरत एवं नैक प्रत्यायन के लिए शिक्षकों को संबोधित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने मुख्य वक्ता के उद्बोधन का सार प्रस्तुत किया। अतिथि का परिचय एवं स्वागत वक्तव्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन ईशा साहू ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी करें शासन

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने सोना साहू के पक्ष में हुए उच्च न्यायालय के डबल बैंच के निर्णय के आधार पर राज्य शासन शिक्षा विभाग से मांग किया है कि प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण करने आदेश जारी करे तथा तदानुसार पात्रताधारी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश किया जावे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल,



प्रदेश संयुक्त सचिव यशवंत बघेल, प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा, आई टी सेल गिरीश शर्मा, टिकेंद्र यदु, जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, लता ध्रुव जिला उपाध्यक्ष भुवन यदु, घनश्याम दिवाकर जमशीर कुरैशी, ब्लाक अध्यक्ष हुलस साहू, जीतेन्द्र सोनवानी, गोविन्द पटेल, संतोष साहू, धवलेश्वर बहरा, नंदकुमार रामटेके, सुरेश केला, किरण साहू, प्रहलाद मेश्राम, कमलेज बघेल, डगेश्वर ध्रुरव ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 10.03.2017 को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने का जारी आदेश के तहत प्रदेश में कार्यरत सभी एल बी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जावे।

## रेखा बनीं सोनकर समाज की संरक्षक



**राजिम।** राजिमराज सोनकर समाज महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया जिसमें संरक्षक रेखा सोनकर, अध्यक्ष कांति सोनकर,उपाध्यक्ष तृप्ति सोनकर, रंजीता सोनकर, सचिव झरना पुष्पाकर, कोषाध्यक्ष राजेश्वरी सोनकर,कार्यकारणी राधा सोनकर, रूपा सोनकर, सावित्री सोनकर, राधा सोनकर, समाज के अध्यक्ष अर्जुन सोनकर, उपाध्यक्ष मदन सोनकर, फिरंता सोनकर, सचिव मोती सोनकर, कोषाध्यक्ष रेखराम सोनकर, सहसचिव मोहन सोनकर, संरक्षक मानसिंह सोनकर, बसंत सोनकर, भगत सोनकर, श्यामलाल सोनकर, पूरन सोनकर, रामगोपाल सोनकर, पांचू, राजू, प्रवीण पुष्पकार, रामजी सोनकर, पार्षद टंकु सोनकर, हीरालाल सोनकर, दिनेश, रमेश एवं सोनकर समाज के सभी वरिष्ठगण उपस्थित थे।

### मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ कुमार और लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार के निर्देशन में एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन लखौली आरंग के निकट स्थित ग्राम रीवा के पास चंडी माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय महाविद्यालय आरंग और मैट्स विश्वविद्यालय गुल्लू आरंग के लगभग 100 कैडेटों ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाया।

## सुपोषण चौपाल में महिलाओं को योजनाओं के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण चौपाल के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शासन द्वारा महिलाओं के विकास के लिए संचालित किए जा रहे योजना के बारे में बताया गया साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, महिला जागरूकता के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। तथा महिला हेल्प लाइन 181 और बाल संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मैनपुर के सरपंच हनिता नायक, पंच एकता दीक्षित, आरती ध्रुव, सुपर वाइजर कुमारी साहू, एवती कश्यप, गुड्डी पटेल, मनीषा साहू, बिलासो ध्रुव, अंजू ध्रुव, प्रमिला कश्यप, उर्मिला कश्यप, प्रेमलता सिन्हा, सरोज चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।



## संतोष मांडले बने सतनामी समाज फिंगेश्वर के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



गुरुवार को सतनामी समाज फिंगेश्वर का बैठक संपन्न हुआ जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए संतोष मांडले को चुना गया। वहीं पर अन्य पदाधिकारियो का गठन किया गया जो इस प्रकार से है। अध्यक्ष पद के लिए संतोष मांडले, उपाध्यक्ष भोला कोसरे, सचिव बंशी धृतलहरे, कोषाध्यक्ष महेश मांडले, सहसचिव नीलाम्बर मांडले, संरक्षक नरेंद्र रात्रे, आशा धृतलहरे, कुमार मांडले, बेनी सोनवानी, जेठू बंजारे, सलाहकार, नरेश लहरे, नेमीचंद बंजारे, तोषण बंजारे, डेरहा मांडले, राजेशू सोनवानी, लखन कोसरे, गैंद मांडलेयुवा प्रमुख खिलावन सोनवानी, किसेश्वर धृतलहरे, छगन रात्रे, राजा मांडले आदि हैं। इस अवसर पर दूजलाल बंजारे, राजऋषि टंडन, लछमन मांडले, नीरज रात्रे, जगदीश पराना, संजय माहेश्वरी, ताराचंद कोशरे, अमरदास,जीवन, दुर्गेश मांडले, पप्पू कुर्रे शामिल थे।



## शहर के गार्डनों में फिर से लौटेगी हरियाली

#### स्वीमिंग पुल में भरा जाएगा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शहर में दो गार्डन है। एक मां कौशल्या गार्डन जो पथर्रा रोड पर है और दूसरा नेताजी सुभाषचंद्र बोस गार्डन पितईबंद रोड पर। दोनो गार्डन शहर की शान है। अधिकतर लोग कौशल्या गार्डन में घुमने या वॉक के लिए जरूर पहुंचते है मगर दूसरा गार्डन सुनसान रहता है। कारण भी साफ है कि इस गार्डन का देखभाल ,रखरखाव के प्रति ध्यान नहीं दिया गया। गुरूवार को राजिम नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव पदभार ग्रहण करने के पहले नगर पंचायत के उपाध्यक्ष तथा अन्य पार्षदो के साथ सबसे पहले वहीं पहुंचे। गार्डन में ताला लगा हुआ था, चाबी मंगाया गया और अंदर प्रवेश कर देखा गया तो यहां स्वीमिंग पुल सहित बच्चों के लिए झुला, फिसलपट्टी लगा हुआ है। देखरेख के अभाव में इतना बढ़िया सुंदर गार्डन बंजर के रूप में दिखा।



#### होगी सफाई, लगाए जाएंगे पौधे

इस पर अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि गार्डन की साफ-सफाई कर इसे अस्तित्व में लाया जाएगा। स्वीमिंग पुल में पानी भरा जाएगा और पौधे लगाकर हरियाली फिर से लौटाई जाएगी ताकि नागरिकों के लिए ये गार्डन भी घुमने और वॉक करने के लिए काम आए। वर्तमान में गार्डन की माली हालत देखकर श्री यादव ने अफसरों से कहा कि शीघ्र ही इस गार्डन की कायापलट की जाए। उन्होने गार्डन के निर्माण के लिए अपने मितान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर की जमकर तारीफ किया। कहा कि उनके अच्छे सोच का परिणाम यह गार्डन है। यहां हरियाली बिखेरी जाएगी। मालूम हो कि दोनो गार्डन का निर्माण नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर के कार्यकाल 2018-19 में हुआ था।





